**भारतीय मजदूर संघ**

**161वीं अखिल भारतीय कार्यसमिति, बैठक**
**दिनांक : 26 – 27 – 28 जुलाई, 2026**

**रांची, झारखंड का कार्यवृत्त**

भारतीय मजदूर संघ की अ. भा. कार्यसमिति की बैठक दिनांक 26 – 27 – 28 जुलाई, 2026 को रांची, झारखंड में भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष श्री एस मल्लेशम जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक का उद्‌घाटन अध्यक्ष श्री एस मल्लेशम जी, एवं महामंत्री श्री सुरेन्द्र पांडे जी, द्वारा दीप-प्रज्वलित कर किया गया ।

**<u>अध्यक्षीय उदबोधन :</u>**

भाररतीय मजदूर संघ के पुरी अधिवेशन के पश्चात हम सभी पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर आयोजित 161वीं अखिल भारतीय कार्यसमिति की बैठक में एकत्रित हुए है । इस अवसर पर आप सभी का मैं हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ । वर्तमान समय में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, आटोमेशन तथा बदलती अर्थव्यवस्था जैसे निजीकरण, वैश्वीकरण एवं प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था ने ट्रेड यूनियनों के समक्ष नई चुनौतियां प्रस्तुत की है । परम पूज्यनीय ठेंगड़ी जी ने कहा था, कि अंत्योदय का अर्थ है, कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और विकास का लाभ पहुँचना । इसी भावना के अनुरूप हमें श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहना है । श्रम संहिताएँ (लेबर कोड) अधिसूचित की जा चुकी है । केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा उनके नियम (रूल) बनाने का कार्य जारी है । इन श्रम संहिताओं एवं उनके नियमों की सही, प्रमाणिक एवं स्पष्ट जानकारी प्रत्येक कर्मचारी तक पहुँचाना आवश्यक है । जून 2026 में जिनेवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाररतीय मजदूर संघ की सक्रिय एवं प्रभवी भूमिका रही । इस अधिवेशन में चार प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई, 1. सामाजिक संवाद एवं त्रिपक्षवा 2. प्लेटफ़ॉर्म अर्थव्यवस्था में शालीन (Decent) कार्य 3. कार्यस्थल पर लैंगिक समानता हेतु परिवर्तनकारी एजेंडा 4. रोज़गार एवं शालीन कार्य आदि । इसी प्रकार 14 – 16 जुलाई 2026 तक हैदराबाद में आयोजित ब्रिक्स ट्रेड यूनियन सम्मेलन एक एतिहासिक उपलब्धि रहा । इसमें विदेशों से आए प्रतिनिधियों ने भी आयोजन की सराहना की । सम्मेलन में प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श हुआ, 1. सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा 2. मानव-केंद्रित प्रौद्योगिकी 3. कौशल विकास में ट्रेड यूनियनों की भूमिका 4. महिलाएँ और कार्य का भविष्य आदि । संविदा श्रमिकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन तथा सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिकों को मिलना चाहिए । इसके लिए हमे निरंतर प्रयास करना होगा । साथ ही श्रम में युवा एवं महिला कर्यकर्ताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सक्रिय सहयोग, सकारात्मक सहभागिता एवं सार्थक विचार-विमर्श से यह कार्यसमिति सफल एवं परिणामकारी सिद्ध होगी । बैठक की सफलता हेतु आप सभी को अग्रिम शुभकामनाएं ।